लोक सभा अध्यक्ष गुवाहाटी में असम विधान सभा के सदस्यों को संबांधित करेंगे ।

.....

श्री बिरला, असम विधान सभा के केंद्रीय कक्ष में असम विधान सभा के डिजिटल टीवी का शुभारंभ करेंगे

.....

श्री बिरला श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र, गुवाहाटी में प्रतिदिन अचीवर्स अवार्ड्स समारोह की अध्यक्षता भी करेंगे ।

.....

नई दिल्ली, 23 दिसंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 24 दिसंबर, 2021 को गुवाहाटी में असम विधान सभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे । इस अवसर पर श्री बिरला , असम विधान सभा के केंद्रीय कक्ष में असम विधान सभा के डिजिटल टीवी का अधिकारिक तौर पर शुभारंभ भी करेंगे।

असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा; असम विधान सभा के माननीय अध्यक्ष, श्री विश्वजीत दैमारी; असम विधान सभा में माननीय नेता, प्रतिपक्ष श्री देबब्रत सैकिया, मंत्रीगण, विधान सभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में भाग लेंगे।

श्री बिरला, श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र, गुवाहाटी में 'प्रतिदिन अचीवर्स अवार्ड्स' समारोह की अध्यक्षता भी करेंगे। असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा; अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चौवना में और 'प्रतिदिन ग्रुप' के चेयरमैन श्री जयंत बरुआ भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

वह 24 दिसंबर, 2021 को ही नई दिल्ली लौट आएंगे ।